



... सिर्फ सच का साथ

# जनमुख

वाराणसी, शुक्रवार, 02 जनवरी-2026

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

वाराणसी, लखनऊ, दिल्ली एवं पूर्वी उत्तर प्रदेश व पश्चिमी बिहार में प्रसारित

● वर्ष-43 ● अंक 115 ● पृष्ठ 8 ● मूल्य 2 रुपया








# भारत स्वयं सक्षम

## अपनी सुरक्षा के लिए किसी से पूछने की जरूरत नहीं



● **विदेश मंत्री ने पाकिस्तान को बताया 'बुरा पड़ोसी' बिना नाम लिए दी चेतावनी**

**नई दिल्ली।** भारतीय विदेश मंत्री डॉ. जयशंकर ने शुक्रवार को अपने एक बयान में कहा कि आतंकवाद के खिलाफ भारत आत्मरक्षा के अधिकार का इस्तेमाल करेगा और कोई भी दूसरा देश ये तय नहीं कर सकता कि भारत अपने बचाव में क्या करेगा और क्या नहीं। आईआईटी मद्रास में आयोजित 'शस्त्र 2026-आईआईटी मद्रास टेक्नो-एंटरटेनमेंट फेस्ट' के उद्घाटन कार्यक्रम के दौरान विदेश मंत्री जयशंकर ने ये बात कही। उन्होंने कहा कि भारत की सुरक्षा के लिए वो सबकुछ किया जाएगा, जो भी करने की जरूरत होगी। विदेश मंत्री एस जयशंकर ने पाकिस्तान को 'बुरा पड़ोसी' करार देते हुए आतंकवाद के मुद्दे पर चेतावनी दी है। उन्होंने आईआईटी मद्रास में छात्रों को संबोधित करते हुए कहा कि यदि कोई पड़ोसी देश जानबूझकर और लगातार आतंकवाद को बढ़ावा देता है, तो भारत को अपने लोगों की रक्षा करने का पूरा अधिकार है और वह इस अधिकार का इस्तेमाल करेगा। मद्रास स्थित भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान में छात्रों को संबोधित करते हुए मंत्री ने कहा कि कोई हमें यह नहीं बता सकता कि हमें क्या करना चाहिए या क्या नहीं करना चाहिए। दरअसल, विदेश मंत्री एस जयशंकर का यह बयान पिछले साल अप्रैल में पहलगाम आतंकी हमले के जवाब में किए गए ऑपरेशन सिंदूर के संदर्भ में था। जब भारत ने ऑपरेशन सिंदूर के माध्यम से आतंकवाद के खिलाफ अपने लोगों की रक्षा करने के अपने अधिकार का प्रयोग किया और अप्रैल में पहलगाम आतंकी हमले के मद्देनजर पाकिस्तान और पाकिस्तान अधिकृत कश्मीर में आतंकी ढांचे को निशाना बनाया। विदेश मंत्री एस जयशंकर ने कहा कि दुर्भाग्य से हमारे पड़ोसी बुरे हैं। उदाहरण के लिए पश्चिम में स्थित हमारे पड़ोसी को देखें, अगर कोई देश जानबूझकर, लगातार और बिना पश्चाताप किए आतंकवाद को जारी रखने का फैसला करता है, तो हमें आतंकवाद के खिलाफ अपने लोगों की रक्षा करने का अधिकार है। हम उस अधिकार का प्रयोग करेंगे। एस जयशंकर ने कहा कि हम उस अधिकार का प्रयोग कैसे करते हैं, यह हम पर निर्भर है। कोई हमें यह नहीं बता सकता कि हमें क्या करना चाहिए या क्या नहीं करना चाहिए। हम अपनी रक्षा के लिए जो भी करना होगा, वह करेंगे। विदेश मंत्री एस जयशंकर ने पाकिस्तान के साथ 1960 में हुई सिंधु जल संधि (आईडब्ल्यूटी) के बारे में बात करते हुए कहा कि कई साल पहले हमने जल बंटवारे की व्यवस्था पर सहमति जताई थी, लेकिन दशकों तक आतंकवाद जारी रहने पर अच्छे पड़ोसी का कोई अस्तित्व नहीं रह जाता। अच्छे पड़ोसी का कोई अस्तित्व नहीं रहता, तो उसके लाभ भी नहीं मिलते। आप यह नहीं कह सकते, कृपया मेरे साथ पानी साझा करें, लेकिन मैं आपके साथ आतंकवाद जारी रखूंगा।

## ममता के शाह को धमकी देने का मामला गरमाया मिथुन चक्रवर्ती ने सीएम पर बोला तीखा हमला



**कोलकाता।** भाजपा नेता और फिल्म अभिनेता मिथुन चक्रवर्ती ने पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी पर तीखा हमला बोला। मिथुन चक्रवर्ती ने ममता बनर्जी द्वारा कथित तौर पर केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह को धमकी देने पर कड़ी नाराजगी जाहिर की और दावा किया कि इस बार बंगाल में भाजपा सरकार बनाएगी। सिलीगुड़ी में मीडिया से बात करते हुए मिथुन चक्रवर्ती ने कहा, 'उन्होंने (ममता बनर्जी) गृह मंत्री अमित शाह को धमकी दी। उनसे कहिए पूरी तरह धमकी दें, फिर मजा देखिएगा। वो पूरी तरह से बोलें कि अमित शाह को पश्चिम बंगाल में घुसने नहीं देंगे, फिर देखिएगा क्या होता है। ऐसे बोलने से क्या होता है। हम इस बार बंगाल में सरकार बनाएंगे ही बनाएंगे।'

## जिंदगी की कीमत दो लाख नहीं होती अपराधियों को सज़ा मिलनी ही चाहिए



**इंदौर।** इंदौर में दूषित पानी पीने से 15 लोगों की मौत हो गई है और 100 से अधिक लोग अस्पताल में भर्ती हैं, जबकि कई अन्य लोग बीमार पड़े हैं। इस गंभीर घटना को लेकर मध्य प्रदेश की पूर्व मुख्यमंत्री उमा भारती ने मध्य प्रदेश सरकार पर तीखी आलोचना की। उमा भारती ने कहा कि इंदौर में गंदे पानी पीने से हुई मौतें पूरे प्रदेश, सरकार और व्यवस्था के लिए शर्मनाक और कलंकित करने वाली हैं। जहर मिला पानी पीकर कितनी जिंदगियां खत्म हो गईं और अब भी मौत का आंकड़ा बढ़ रहा है, यह स्वीकार्य नहीं है।

## कोहरे के कारण भिड़े दो ट्रक चालक की जिंदा जलकर मौत

**इटावा।** कानपुर-इटावा हाईवे पर पक्का बाग ओवर ब्रिज से सौ मीटर पहले गुरुवार रात 2 बजे कोहरे के कारण दो ट्रकों की भिड़ंत होने के बाद आग लग गई। केबिन में फंसकर चालक की जिंदा जलकर मौके पर ही मौत हो गई। 112 की सूचना पर पहुंची फ्रेंड्स कॉलोनी थाना पुलिस व फायर ब्रिगेड ने करीब डेढ़ घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। हादसे और आगजनी की घटना से हाईवे पर पीछे आने वाले वाहनों के पहिए जहां के तहां थम गए और लंबा जाम हो गया। हादसे के दौरान ट्रक की रफ्तार करीब 60 किलोमीटर प्रतिघंटा थी।

## दिल्ली में आज भी फ्लाइट्स और 45 से ज्यादा ट्रेनें लेट

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में कड़ाके की ठंड के बीच यात्रियों की परेशानी बनी हुई है। शुक्रवार को भी कोहरे की वजह से कई फ्लाइट्स और 45 से ज्यादा ट्रेनों में देरी देखने को मिली है। वह दिल्ली व देश के अन्य राज्यों में कोहरा पड़ने के कारण ट्रेनों की आवाजाही बुरी तरह से प्रभावित हुई है। शुक्रवार को भी दिल्ली आने वाली भुवनेश्वर राजधानी, रांची राजधानी सहित 45 से अधिक ट्रेनें दो घंटे से अधिक विलंब से चल रही हैं। कई ट्रेनों के प्रस्थान समय में बदलाव करना पड़ा है।

## बल्लारी हिंसा में भाजपा विधायक समेत 11 के खिलाफ एफआईआर

**बंगलूरू।** कर्नाटक के बल्लारी में गुरुवार को हुई हिंसा के मामले में आज भाजपा विधायक जनार्दन रेड्डी समेत 11 लोगों के खिलाफ एफआईआर दर्ज की गई है। वहीं हिंसा के बाद बल्लारी में सुरक्षा व्यवस्था कड़ी कर दी गई है और भारी संख्या में पुलिस बल तैनात किया गया है। दरअसल बैनर लगाने को लेकर कांग्रेस विधायक भरत रेड्डी और भाजपा विधायक जनार्दन रेड्डी के समर्थक आपस में भिड़ गए थे। इस हिंसा में एक व्यक्ति की मौत हो गई थी।

## चौमूं हिंसा के एक हफ्ते बाद सरकार का एक्शन, उपद्रवियों के यहां चला बुलडोजर


**नई दिल्ली।** राजस्थान के जयपुर जिले के चौमूं में बीते दिनों हिंसा के बाद से आज बुलडोजर एक्शन शुरू हो गया है। जयपुर के चौमूं में हालिया हिंसा के बाद प्रशासन ने सख्त कार्रवाई शुरू कर दी है। मस्जिद के बाहर रेलिंग विवाद को लेकर हुई झड़प और पथराव के बाद आज अवैध निर्माणों पर बुलडोजर चलाया जा रहा है। इस सम्बन्ध में 31 दिसंबर तक नोटिस दिए गए थे, जिसके संतोषजनक जवाब न मिलने पर इमाम चौक इलाके में अतिक्रमण हटाया जा रहा है। मौके पर भारी पुलिस बल तैनात है। अवैध निर्माण को बुलडोजर चलाकर ढहाया जा रहा है।

## ईरान की खराब अर्थव्यवस्था पर प्रदर्शन, सात की मौत

**नई दिल्ली।** ईरान की खराब अर्थव्यवस्था से आक्रोशित जनता सड़कों पर उतर आई है और बृहस्पतिवार को ये प्रदर्शन प्रांतों में भी फैल गए, जहां सुरक्षा बलों और प्रदर्शनकारियों के बीच झड़पों में कम से कम सात लोग मारे गए। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। प्रदर्शन में सात लोगों के मारे जाने से ऐसे संकेत मिल रहे हैं कि देश की सरकार प्रदर्शनकारियों से सख्ती से निपटने के मूड में है। लेकिन प्रदर्शनकारी भी अड़े हुए हैं। राजधानी तेहरान में प्रदर्शन भले ही धीमे पड़ गए हों, लेकिन अन्य जगहों पर इनमें तेजी आई है। सोशल मीडिया पर वहां सड़कों पर जलती हुई वस्तुएं दिखाई दे रही हैं साथ ही गोलियों की आवाजें गूंजती हैं जबकि लोग बेशर्म! बेशर्म! चिल्ला रहे हैं। अर्धसरकारी समाचार एजेंसी फ़ार्स ने तीन लोगों के मारे जाने की खबर दी। राष्ट्रपति मसूद पेज़ेशकियन के ईरान की नागरिक सरकार ने प्रदर्शनकारियों के साथ वार्ता के लिए तैयार है।

## फिर बौराई चांदी

● **6000 रुपये से ज्यादा बढ़ा दाम**



**नई दिल्ली।** 2 जनवरी 2026, शुक्रवार को चांदी में एक बार फिर जोरदार तेजी (Silver Price Hike) देखी जा रही है। कमोडिटी मार्केट खुलते ही चांदी (Silver Price Today) में 6000 रुपये प्रति किलो से ज्यादा की तेजी है। कमोडिटी एक्सपर्ट की मानें तो चांदी में ऐसी तेजी 1979 में देखी गई थी। सुबह 10 बजे के आसपास एमसीएक्स में 1 किलो चांदी का भाव 2,42,224 रुपये चल रहा है। इसमें 6351 रुपये प्रति किलो की बढ़ोतरी है। चांदी ने अब तक 2,39,041 रुपये प्रति किलो का लो रिकॉर्ड और 2,43,443 रुपये प्रति किलो का हाई रिकॉर्ड बनाया है। सोने में सुबह 10.19 बजे एमसीएक्स में सोने का भाव 1,36,619 रुपये प्रति 10 ग्राम चल रहा था। इसमें 815 रुपये प्रति 10 ग्राम की बढ़ोतरी है।


## हापुड़ में उपला चोरी को लेकर दो समुदायों के बीच पथराव कई घायल, इलाके में तनाव

**हापुड़।** थाना हापुड़ देहात क्षेत्र के गांव काठीखेड़ा और पड़ोसी गांव सलाई के दो अलग अलग समुदायों के लोगों बीच उपला (गोबर के कंडे) चोरी को लेकर शुरू हुए विवाद उग्र रूप ले लिया। दोनों पक्षों के लोगों ने एक-दूसरे पर पथराव किया और मारपीट की, जिसमें करीब छह लोग घायल हो गए। घटना से गांव में अफरा-तफरी मच गई और दहशत का माहौल बन गया। सूचना मिलते ही सीओ सिटी वरुण मिश्रा और थाना हापुड़ देहात के प्रभारी निरीक्षक नीरज कुमार भारी पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। पुलिस ने स्थिति को नियंत्रित किया, घायलों को नजदीकी अस्पताल में भर्ती कराया और मामले की जांच शुरू कर दी है। सीओ सिटी वरुण मिश्रा ने बताया कि उपला चोरी को लेकर दो गांवों के बीच यह विवाद हुआ था। मामले की गंभीरता से जांच की जा रही है।

## तानाशाही की एक और पीढ़ी!

### उत्तरी कोरिया की कमान अब किम जोंग की बेटी के हाथ!

● **मीडिया में बटोर रही सुर्खियां, पिता के साथ निकली सार्वजनिक दौरे पर**



**नई दिल्ली।** उत्तर कोरिया के तानाशाह किम जोंग उन की बेटी किम जू ऐ ने अपने माता-पिता के साथ कुमसुसान पैलेस ऑफ द सन का पहला सार्वजनिक दौरा किया, जहां उनके दादा किम इल सुंग और की समाधि है। माता-पिता के साथ अपने दादा की समाधि स्थल का दौरान करने के बाद यह लगभग साफ हो गया है कि उत्तर कोरिया की कमान किम जोंग की बेटी के हाथ में ही जाने वाली है। दरअसल, किम जोंग उन की बेटी किम जू ऐ ने पिछले तीन वर्षों से राज्य मीडिया में लगातार अधिक प्रमुखता से दिखाई दे रही हैं। उन्हें संभवतः किंग जोन उन के उत्तराधिकारी के रूप में तैयार किया जा रहा है। आज शुक्रवार को प्रकाशित राज्य मीडिया की तस्वीरों में अपने माता-पिता के साथ पूर्व नेताओं को श्रद्धांजलि देने के लिए कुमसुसान समाधि स्थल की अपनी पहली सार्वजनिक यात्रा पर निकलीं।



जनमुख हिन्दी दैनिक City लाइव

● तापमान अधिकतम : $16.0^{0}C$
● तापमान न्यूनतम : $7.2^{0}C$
● सूर्योदय : 06.10
● सूर्यास्त : 05.14

वाराणसी, 02 जनवरी, शुक्रवार, 2026 (3)



छाया : जनमुख डेस्क






# अभी और सताएगी ठंड

## घना होगा कोहरा, गिरेगा तापमान, चलेंगी सर्द हवाएं



**● पश्चिमी विक्षोभ का फ्रंट वार्म फेज बढ़ाएगा गलन**

**वाराणसी।** वर्ष के प्रथम दिवस पर सुबह के समय रहे घने कोहरे की धुंध कुछ ही देर बाद छट गई। धूप के चलते दिन का अधिकतम तापमान लगभग दो डिग्री सेल्सियस बढ़ा और ठंड का प्रभाव कम हो गया लेकिन दोपहर ढलते ही फिर गलन ने अपना पांव पसारना आरंभ किया और लोग अलाव, हीटर, ब्लोवर की लौटने लगे। मौसम विज्ञानियों का पूर्वानुमान है कि शनिवार तक ऐसा ही मौसम बना रह सकता है, लेकिन रविवार से घना कोहरा छाने लगेगा, तापमान गिरेगा, बर्फीली पछुआ चलेगी और ठंड बढ़ जाएगी। बीएचयू के मौसम विज्ञानी ने बताया कि अभी पश्चिमी विक्षोभ का फ्रंट वार्म फेज इधर से गुजर रहा है, इसके आगे बढ़ते ही कोल्ड फ्रंट पहुंचेगा और एक बार फिर ठंड तेज हो जाएगी। गुरुवार को दिन में प्रखर धूप निकलने से बाबतपुर क्षेत्र में अधिकतम तापमान में दो डिग्री सेल्सियस की वृद्धि हुई और यह सामान्य से 0.4 डिग्री सेल्सियस अधिक 21.3 पर पहुंच गया। न्यूनतम तापमान में 0.8 डिग्री सेल्सियस की कमी आई और यह सामान्य से 2.3 डिग्री सेल्सियस नीचे 6.6 डिग्री सेल्सियस रही। भारतीय मौसम विज्ञान विभाग के लखनऊ स्थित आंचलिक कार्यालय के वरिष्ठ विज्ञानी ने बताया कि भूमध्यरेखीय प्रशांत महासागर में जारी ला-निना परिस्थितियों के कारण जनवरी माह में प्रदेश के बड़े इलाके में औसत मासिक न्यूनतम तापमान सामान्य से कम रहने की संभावना है।




# 19 फरवरी से होंगी यूपी संस्कृत शिक्षा परिषद् की बोर्ड परीक्षाएं

**● 56 हजार से अधिक छात्र होंगे शामिल, दो पालियों में इम्तहान देंगे परीक्षार्थी, बनाए गए 250 केंद्र**

**वाराणसी।** प्रदेश संस्कृत शिक्षा परिषद की बोर्ड परीक्षाएं 19 फरवरी से प्रारंभ होकर 28 फरवरी तक आयोजित की जाएंगी। इस वर्ष इन परीक्षाओं में प्रदेश के 1102 संस्कृत विद्यालयों के 56 हजार से अधिक छात्र-छात्राएं भाग लेंगे। परिषद द्वारा जारी कार्यक्रम के अनुसार, हाईस्कूल (10वीं) में 21,906 छात्र, इंटरमीडिएट प्रथम वर्ष (11वीं) में 19,751 छात्र और इंटरमीडिएट द्वितीय वर्ष (12वीं) में 14,145 छात्र पंजीकृत हैं। इसके अतिरिक्त, डिप्लोमा पाठ्यक्रम के 556 विद्यार्थी भी परीक्षा में शामिल होंगे। परीक्षाओं के सफल और पारदर्शी संचालन के लिए प्रदेश में लगभग 250 परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं। परीक्षा दो पालियों में संपन्न होगी। पहली पाली सुबह 8:30 बजे से 11:45 बजे तक और दूसरी पाली दोपहर 2 बजे से शाम 5:15 बजे तक चलेगी। परीक्षा की शुरुआत 19 फरवरी को अनिवार्य संस्कृत विषय के प्रश्नपत्र से होगी। नकलविहीन परीक्षा सुनिश्चित करने के लिए सभी केंद्रों पर सीसीटीवी कैमरे और वेबकास्टिंग की व्यवस्था की गई है।

# कड़ी सुरक्षा में बार एसोसिएशन चुनाव के लिए मतदान

## 12 पदों पर 53 प्रत्याशी आजमा रहे किस्मत

**● 5625 मतदाता करेंगे प्रत्याशियों के भाग्य का फैसला**



**वाराणसी।** बनारस बार एसोसिएशन के वार्षिक चुनाव के लिए शुक्रवार को मतदान सुबह 10 बजे से शुरू हुआ, जो शाम 4 बजे तक जारी रहा। चुनाव को शांतिपूर्ण ढंग से कराने के लिए पर्याप्त सुरक्षा बल तैनात किए गए थे। मतदान स्थल के बाहर बैरिकेडिंग की गई और मतदाताओं को कतारबद्ध होकर ही प्रवेश दिया गया। एल्डर्स कमेटी के चेयरमैन अमरनाथ शर्मा ने बताया कि चुनाव में कुल 12 पदों के लिए 53 प्रत्याशी मैदान में हैं। बनारस बार एसोसिएशन में कुल 5625 मतदाता पंजीकृत हैं, जिनमें 3694 आजीवन सदस्य, 1848 साधारण सदस्य और 83 ऐसे मतदाता शामिल हैं, जिन्होंने ऑल इंडिया बार एग्जाम पास कर लिया है। इनके पास प्रमाणपत्र है, हालांकि अभी सीओपी कार्ड जारी नहीं हुआ है, फिर भी उन्हें मतदान की अनुमति दी गई। मतदान की सुविधा के लिए कुल 17 टेबल और 59 बूथ बनाए गए थे। टेबल संख्या 1 से 6 तक साधारण सदस्यों के लिए, 7 से 16 तक आजीवन सदस्यों के लिए और 17 नंबर टेबल ऑल इंडिया बार एग्जाम पास मतदाताओं के लिए निर्धारित की गई। मतदान के दौरान मतपत्र का फोटो लेना सख्त मना है। यदि कोई मतदाता फोटो लेते हुए पकड़ा गया तो उसका मतपत्र तत्काल निरस्त कर दिया जाएगा। मतदान के लिए बार काउंसिल ऑफ उत्तर प्रदेश द्वारा जारी मूल सीओपी कार्ड लाना अनिवार्य होगा। मोबाइल में लिया गया फोटो या फोटोकॉपी मान्य नहीं होगी। इसके साथ ही परिसर में बाहरी व्यक्तियों द्वारा चुनाव प्रचार पर पूर्ण प्रतिबंध रहा। नियमों का उल्लंघन पाए जाने पर संबंधित के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की चेतावनी दी गयी थी। एंट्री द्वार के पास लाइन में खड़े मतदाताओं के बीच कटआउट लेकर खड़े होने या प्रचार सामग्री बांटने पर भी रोक लगाई गई थी।

## वादमित्र हटाने के मामले में पांच जनवरी को पड़ी अगली तारीख

**वाराणसी।** सिविल जज (सीनियर डिवीजन/फास्ट ट्रैक) भावना भारती की अदालत में ज्ञानवापी से जुड़े वर्ष 1991 के पुराने मुकदमे में वादमित्र को हटाने की खारिज हो चुकी अर्जी में संशोधन संबंधी प्रार्थना पत्र पर सुनवाई हुई। सुनवाई के दौरान वादमित्र की ओर से योगेन्द्र व्यास की निगरानी अर्जी खारिज होने से संबंधित आदेश की प्रति दाखिल की गई। वहीं, सुन्नी सेंट्रल वक्फ बोर्ड की ओर से सुप्रीम कोर्ट के आदेश की प्रति अदालत में प्रस्तुत की गई। इस पर वादमित्र की तरफ से दाखिल दस्तावेजों पर आपत्ति दर्ज कराने के लिए समय मांगा गया, जिसे अदालत ने स्वीकार कर लिया। मामले की अगली सुनवाई पांच जनवरी को तय की गई है।

# 15 गांवों की बदलेगी तस्वीर

## वरुणा नदी पर बनेगा 19.69 करोड़ का पुल

**● जमीनों के अधिग्रहण के बाद शुरू होगा निर्माण कार्य**



**वाराणसी।** विधान सभा रोहनिया क्षेत्र के खेवली भतसार से गोसाईंपुर के पास स्थित महादेवा घाट पर शासन की तरफ से वरुणा नदी पर पुल बनने के लिए स्वीकृति मिल गई है। विधायक रोहनिया डा. सुनील कुमार पटेल ने बताया कि काफी समय से क्षेत्र के करीब 15 गांव के लोग नदी पर पुल के लिए परेशान थे। ग्रामीणों की सुविधा लिए नवंबर 2024 में पुल के लिए प्रस्ताव भेजकर लोक निर्माण मंत्री बृजेश सिंह से भी इसके लिए पहल किया था । जिसके बाद पीडब्ल्यूडी और सेतु निगम के अधिकारियों ने सर्वे के बाद डीपीआर बनाकर भेजा था। जिसकी स्वीकृति सरकार की तरफ से मिलने के बाद सेतु निर्माण के लिए कुल 19.69 करोड़ की स्वीकृति मिल गई है। जिसमें जमीन अधिग्रहण और पुल निर्माण का कार्य होगा। सेतु निगम के एक्सियन संतोष निरंजन ने बताया कि कुछ जमीन अधिग्रहण की प्रक्रिया के बाद मार्च तक निर्माण कार्य शुरू हो जाएगा । यहां बनने वाले पुल की लंबाई 80 मीटर तथा चौड़ाई 10.5 मीटर दोनों तरफ पटरी के साथ बनेगा। पुल के एक तरफ ख़ेवली भतसार तथा दूसरी तरफ गोसाईंपुर गांव को जोड़ने वाले इस पुल से लहिया, कपर फोरवा, राज्जीपुर, मंगलपुर, काशीपुर, सीहोरवा, तिवारीपुर, भटौली, भढाव, चकरा सहित 15 से ज्यादा गांव की तस्वीर बदल जाएगी।

# आयुष विभाग ने गोदौलिया चौराहे पर लगाया चिकित्सा शिविर

**● आयुर्वेद, होम्योपैथी व यूनानी पद्धति से किया गया उपचार**



**वाराणसी (जनमुख डेस्क)।** नववर्ष के प्रथम दिन गुरुवार को बाबा विश्वनाथ के दर्शन के लिए उमड़ी भारी भीड़ को देखते हुए गोदौलिया स्थित तांगा स्टैंड पर आयुष विभाग द्वारा निशुल्क आयुष चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का शुभारंभ आयुष मंत्री डॉ. दयाशंकर मिश्र 'दयालु' ने किया। इस अवसर पर क्षेत्रीय आयुर्वेदिक एवं यूनानी अधिकारी डॉ. अरविंद कुमार सिंह, जिला होम्योपैथिक अधिकारी डॉ. रचना श्रीवास्तव तथा क्षेत्रीय यूनानी अधिकारी डॉ. शैलेंद्र कुमार ने आयुष मंत्री को नववर्ष की शुभकामनाएं दीं। शिविर में आयुर्वेद, होम्योपैथी एवं यूनानी–तीनों चिकित्सा पद्धतियों के विशेषज्ञ चिकित्सकों द्वारा दर्शनार्थियों, सैलानियों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। कुल 1015 मरीजों को दवाएं वितरित की गईं। शिविर प्रातः सुबह 9 बजे से शाम 6 बजे तक संचालित रहा। शिविर में पीआरओ गौरव राठी, संतोष सैनी, अखिलेश यादव, सौरभ राय, जय विश्वकर्मा, राहुल पांडेय, प्रमोद राय, जितेंद्र, अंकुर उपाध्याय, दिनेश सिंह दीनू, अरुण पांडेय, आकाश ने शिविर की बागडोर संभाली।

## ट्रेनें घंटों विलंबित, यात्री उठा रहे मुसीबत



**वाराणसी।** मौसम में सुधार के बावजूद गुरुवार को कैंट रेलवे स्टेशन से गुजरने लंबी दूरी की ट्रेनें कई घंटे तक लेट रहीं। इनमें शामिल इंदौर-वाराणसी महाकाल एक्सप्रेस सर्वाधिक 14 घंटे विलंब से पहुंची। इस ट्रेन को दस घंटे री-शेड्यूल करके चलाया गया। नई दिल्ली-जयनगर स्वतंत्रता सेनानी एक्सप्रेस 10 घंटे, नई दिल्ली-बनारस सुपरफास्ट साढ़े सात घंटे, फरक्का एक्सप्रेस सात घंटे, शिवगंगा एक्सप्रेस 6.40 घंटे और लिच्छवी एक्सप्रेस 6.15 घंटे देर से आई। महामना एक्सप्रेस तीन घंटे, हापा-नाहरलगुन फेयर स्पेशल साढ़े छह घंटे, दादर सेंट्रल-बलिया स्पेशल साढ़े छह घंटे, ग्वालियर-बनारस बुंदेलखंड एक्सप्रेस 6.20 घंटे, कोटा-पटना एक्सप्रेस सवा छह घंटे एवं जम्मूतवी-वाराणसी बेगमपुरा एक्सप्रेस 5.20 घंटे की देरी से पहुंची। जोधपुर-वाराणसी सिटी मरुधर एक्सप्रेस 4.40 घंटे, आगरा-बनारस वंदेभारत एक्सप्रेस 2.50 घंटे और हावड़ा-प्रयागराज रामबाग विभूति एक्सप्रेस 2.30 घंटे देरी से गुजरी।

# त्रिदेव मंदिर में सजी खाटू श्याम की अद्भुत झांकी

**● सुबह से रात तक चला भंडारा**



**वाराणसी (जनमुख डेस्क)।** लंका मार्ग दुर्गाकुंड स्थित त्रिदेव मंदिर में त्रिदेव मंदिर सेवक परिवार की ओर से बृहस्पतिवार को नए वर्ष पर पारिवारिक उत्सव प्रभु के संग मनाया। तीनों विग्रह श्री राणी सती सालासर हनुमान जी खाटू श्याम जी की रंग बिरंगे फूलों से अद्भुत झांकी सजाई गई। मंदिर परिसर को रंग बिरंगे फूलों से वह गुब्बारों से सजाया गया। भक्तों का ताता प्रातः 7:00 बजे से लगा रहा। भक्तगण तीनों विग्रहों का दर्शन कर आशीवर्वाद प्राप्त किया। तत्पश्चात भक्तों के लिए भंडारे का शुभारंभ किया गया। भंडारा रात्रि 9:00 बजे तक चला। भजन संध्या पर भजन अनूप सराफ ने गणेश वंदना के साथ प्रारंभ किया। तत्पश्चात संस्था के अध्यक्ष भरत सराफ, मंत्री राधे गोविंद केजरीवाल ने तीनों विग्रह की आरती उतारी। प्रचार मंत्री सुरेश तुलस्यान ने बताया संयोजन में त्रिदेव मंदिर सेवक परिवार के सभी सदस्यों ने सहयोग किया।

### नये साल पर श्याम मंडल ने मनाया उत्सव

**वाराणसी (जनमुख डेस्क)।** लक्सा स्थित श्री श्याम मंदिर में बुधवार को साल के अंतिम दिन व बृहस्पतिवार नये साल पर श्री श्याम मण्डल द्वारा बड़े उत्साह के साथ प्रभु का आशीर्वाद लेकर उत्सव मनाया गया। रंग बिरंगे फूलों से लीलाधर की भव्य झांकी सजायी गयी जिसे भक्त दर्शन करके निहाल हो गये। मंदिर में भीड़ होने के कारण संस्था के अध्यक्ष दीपक तोदी मंत्री पवन कुमार अग्रवाल श्याम मंडल ट्रस्ट के मंत्री राजेश तुलस्यान ने भक्तों को लाइन में लगाकर दर्शन कराने की व्यवस्था संभाली। भजन संध्या में किर्तन मंत्री चन्दन तोदी संदीप शर्मा कानू, श्याम सुंदर गाड़ोदिया, राजेश तुलस्यान प्रवीण माखरिया अशोक कानोड़िया ने भजन गणेश वंदना से प्रारंभ किया। रात्रि में प्रभु की आरती मंदिर के पुजारी संजय हजारी ने उतारी।

# बरेका केन्द्रीय चिकित्सालय में आइसोलेशन वार्ड का लोकार्पण



**वाराणसी (जनमुख डेस्क)।** बनारस रेल इंजन कारखाना (बरेका) के केन्द्रीय चिकित्सालय में नये साल के पहले दिन नव-निर्मित आपदा प्रबंधन (आइसोलेशन) वार्ड का विधिवत उद्घाटन किया गया। इस आधुनिक वार्ड का लोकार्पण महाप्रबंधक सोमेश कुमार एवं महिला कल्याण संगठन की अध्यक्षा मोनिका श्रीवास्तव की उपस्थिति में बरेका चिकित्सालय की मुख्य नर्सिंग अधीक्षक-अंतरंग अंजना टौंड द्वारा किया गया। यह वार्ड 20 बेड, दो केबिन एवं एक पृथक चिकित्सक कक्ष से सुसज्जित है। रोगियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए वार्ड में लिफ्ट एवं रैम्प की भी व्यवस्था की गई है। उद्घाटन अवसर पर महिला कल्याण संगठन की उपाध्यक्षा गौरी श्रीवास्तव सहित संगठन की अन्य सदस्याएं उपस्थित रहीं।

**जनमुख परामर्श मंडल**

**एस. कुमार**
राष्ट्रीय अध्यक्ष
सिंधी काउंसिल ऑफ इंडिया

**संतोष अग्रवाल** हरे कृष्ण ज्वैलर्स
सभापति, श्री काशी अग्रवाल समाज

**श्रीनारायण खेमका**
अध्यक्ष : अखिल भारतीय मारवाड़ी सम्मेलन

**वी.के.जैन**
अध्यक्ष
जैन मिलन, वाराणसी

**डा. एस.के.पाठक**
वरिष्ठ चिकित्सक

**डा. नीलम ओहरी**
स्त्री रोग विशेषज्ञ

प्रधान सम्पादक
**ब्रजेश कुमार राय 'शर्मा'**

समाचार सम्पादक
**सरोज सिन्हा**

स्वात्वाधिकारी व स्वामी ब्रजेश कुमार राय 'शर्मा' द्वारा 'गिरीश प्रिंटिंग प्रेस से मुद्रित एवं कार्यालय बी 3/1 काशीराज अपार्टमेंट नदेसर 221002 वाराणसी से प्रकाशित एवं प्रसारित।

रजि.33134/78.
फोन : 0542-2500324
9336929544

## मऊ समाचार

### बालक का फंदे से लटकता मिला शव

**मऊ।** थाना क्षेत्र के चकिया गांव निवासी गुड्डू उर्फ संतोष राम की शिकायत व न्यायिक मजिस्ट्रेट के आदेश पर पुलिस ने बुधवार की शाम रिंकू और गोलू के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज की है। आरोप है कि अवैध संबंध की सूचना देने के 24 घंटे बाद 12 साल के बालक का शव फंदे से लटकता मिला था। पिता के घर पहुंचने से पहले ही पत्नी ने अंतिम संस्कार कर दिया था। प्राथमिकी के अनुसार वर्ष 2001 में संतोष की शादी रिंकू से हुई। परिवार का भरण पोषण के कारण वो मुंबई में मजदूरी करता है। शादी के बाद ही पिता का परिवार को छोड़कर पत्नी के साथ नए मकान में रहने लगा। दोनों से तीन बेटियां और दो बेटे हुए। बाद में रिंकू हर बात पर झगड़ा करने लगी और ठीक से बात नहीं करती थी।

14 जून 2025 को बेटे गौतम (12) ने फोन करके रिंकू और गाजीपुर के नायकडीह निवासी गोलू के अवैध संबंध की जानकारी दी। जानकारी होने की बात मां को नहीं बताने के लिए कहकर फोन रख दिया।

अगले दिन 15 जून की सुबह नौ बजे फोन करके बेटे से बात किया। दो घंटे बाद फोन आया कि बेटे गौतम ने फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली है। घर पहुंचने तक पत्नी ने बेटे का अंतिम संस्कार कर दिया था, जिससे कुछ पता नहीं चल पाया।

ससुराल जाकर पता चला कि गोलू उसके साले का दोस्त है। इस बात की जानकारी होने पर गोलू ने फोन करके धमकी दी। 16 सितंबर 2025 को पुलिस अधीक्षक को प्रार्थनापत्र देकर कार्रवाई की मांग की, लेकिन सुनवाई नहीं हुई। इसके बाद कोर्ट में प्रार्थना पत्र दिया।

## भदोही समाचार

### फंदे से लटका मिला विवाहिता का शव

**जगतपुर।** उतरांव थाना क्षेत्र के मंडौर गांव में बृहस्पतिवार की सुबह 11 बजे विवाहिता का शव फंदे से लटका मिला। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। वहीं, मायके वालों ने दहेज के लिए हत्या करने का आरोप लगाया है। मंडौर निवासी राहुल भारतीय पुत्र राजेश की शादी 2024 में भदोही के ऊंज थाना क्षेत्र के ठकुराइन पूरा गांव निवासी अरविंद की बेटी डाली (24) के साथ हुई थी। शादी के बाद से ही पति-पत्नी के बीच दहेज को लेकर विवाद होता रहता था। आरोप है कि दहेज के विवाद को लेकर पति-पत्नी को प्रताड़ित करता था। बृहस्पतिवार सुबह 11 बजे खाना खाकर घर के परिजन जब मजदूरी करने चले गए। इसी दौरान डाली का शव पंखे में फंदे से लटका मिला। पड़ोसी महिला उसके घर घरेलू सिलिंडर लेने पहुंची तो मंजर देख सन्न रह गई।

## गाजीपुर समाचार

### ठंड से निमोनिया और डायरिया की चपेट में आ रहे बच्चे



**गाजीपुर।** जिले में कई दिनों से तापमान में लगातार का असर बच्चों के स्वास्थ्य पर पड़ रहा है। अस्पतालों में वायरल फीवर, निमोनिया और डायरिया से पीड़ित बच्चों की संख्या बढ़ गई है। अकेले मेडिकल कॉलेज की ओपीडी में रोज करीब सौ मरीज पहुंच रहे हैं।

शहर के गोराबाजार स्थित मेडिकल कॉलेज अस्पताल के ओपीडी में पहुंच रहे बच्चों में ज्यादातर ठंड से संबंधित बीमारियों से ग्रसित थे। गोराबाजार स्थित मेडिकल कॉलेज में बालरोग विशेषज्ञ डॉ. विनिता यादव ने बताया कि, इन दिनों बाल रोग विभाग ओपीडी में चार महीने से 18 साल तक के 90 से 100 बच्चे रोज पहुंच रहे हैं। इनमें ज्यादातर वायरल फीवर, न्यूमोनिया, डायरिया, एलर्जी से पीड़ित होते हैं। करीब 50 प्रतिशत वॉयरल फीवर (सर्दी, जुकाम, बुखार), 25 प्रतिशत न्यूमोनिया, 10 प्रतिशत डायरिया, बाकी 15 प्रतिशत में अन्य रोगों से ग्रसित रह रहे हैं।

डॉ. यादव ने बताया कि तापमान में कमी आने के बाद से लोगों को बच्चों का विशेष ध्यान देने की जरूरत है। उन्हें गर्म कपड़ों से ढक कर रखें। ध्यान दें कि उनका सिर, हथेली व पांव भी ढका हुआ हो। बच्चों को गर्म खाना खिलाएं। उन्हें ठंडे पेय पदार्थों का सेवन नहीं कराएं।

## बलिया समाचार

### 14 हजार पति-पत्नी ले रहे किसान सम्मान निधि योजना का लाभ

**बलिया।** पीएम किसान सम्मान निधि योजना के लाभार्थियों की जांच लगातार जारी है। जिले में पति-पत्नी भी किसान सम्मान निधि का लाभ उठा रहे हैं। जिले में 14 हजार किसान ऐसे हैं, जो पति-पत्नी हैं और लंबे समय से पीएम किसान सम्मान निधि का लाभ उठा रहे हैं। किसानों की फैमिली आईडी में इस तरह के मामले प्रकाश में आए हैं। शासन की तरफ से इसकी सूची जिला मुख्यालय भेजी गई है। शासन ने मामले की जांच के निर्देश दिए हैं। जांच कर इसकी रिपोर्ट शासन को सौंपा जाएगी। कृषि विभाग ने सत्यापन की प्रक्रिया शुरू कर दी है। जांच के बाद पति या पत्नी को योजना से बाहर किया जा सकता है। जिले में 365324 किसानों को किसान सम्मान निधि का लाभ मिलता है। इसके तहत हर चार महीने पर दो हजार रुपये दिए जाते हैं।

## आजमगढ़ समाचार

### लाठी-डंडे से पीट-पीटकर युवक की हत्या



**आजमगढ़।** जिले के मेहनाजपुर थाना क्षेत्र के इटैली बाजार से बुधवार की रात अपने घर जा रहे दरिया नेवादा निवासी अखिलेश सोनकर (25) पर रास्ते में बाइक सवार तीन युवकों ने लाठी-डंडे से हमला कर दिया। इसमें वह बुरी तरह से घायल हो गया। स्थानीय लोगों ने इलाज के लिए उसे मेहनाजपुर अस्पताल में भर्ती कराया।

यहां स्थिति नाजूक देख चिकित्सकों ने लालगंज रेफर कर दिया। यहां पहुंचने पर चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया। घटना की जानकारी मिलते ही बृहस्पतिवार की सुबह 9 बजे आक्रोशित लोगों ने मेहनाजपुर-वाराणसी-चिरैयाकोट तिराहे पर जाम लगा दिया। मौके पर पहुंचे सीओ लालगंज भूपेश पांडेय आदि अधिकारियों ने 12 घंटे के अंदर आरोपियों की गिरफ्तारी का आश्वासन दिया। इसके बाद 11:30 बजे जाम समाप्त हुआ। लोगों ने चेतावनी दी कि अगर जल्द गिरफ्तारी नहीं हुई तो पुलिस प्रशासन के विरुद्ध बड़ा अभियान चलाया जाएगा। देर रात हुई इस घटना को लेकर तरह-तरह की चर्चाएं चलती रहीं।

## चंदौली समाचार

### 82केंद्रों पर होगी मॉडल परीक्षा

**चंदौली।** उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षा परिषद की हाईस्कूल और इंटरमीडिएट परीक्षा 2026 को लेकर जिले में तैयारियां तेज हो गई हैं।

परीक्षा केंद्र तय होने के बाद अब बोर्ड द्वारा पहली बार मुख्य परीक्षा से पहले मॉडल (फुल ड्रेस रिहर्सल) परीक्षा आयोजित की जा रही है।

यह मॉडल परीक्षा जिले के 82 निर्धारित परीक्षा केंद्रों पर कराई जाएगी, जिसमें वास्तविक बोर्ड परीक्षा की तर्ज पर सभी व्यवस्थाओं का परीक्षण किया जाएगा।

जिला विद्यालय निरीक्षक देवेंद्र सिंह ने बताया कि यह मॉडल परीक्षा केवल औपचारिकता नहीं होगी, बल्कि इसे पूरी तरह फुल ड्रेस रिहर्सल के रूप में आयोजित किया जाएगा। इसका उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि मुख्य परीक्षा के दौरान किसी भी प्रकार की अव्यवस्था या तकनीकी खामी न रहे।

## मीरजापुर समाचार

### एस0आई0आर0 के मतदाता सूची आलेख्य प्रकाशन के पश्चात दावे एवं आपत्तियों के निस्तारण के दृष्टिगत ई0आर0ओ0 व ए0ई0आर0ओ0 दिया गया प्रशिक्षण



**मीरजापुर।** भारत निर्वाचन आयोग के दिशा निर्देश पर चल रहे एस0आई0आर0 कार्य के दृष्टिगत 06 जनवरी 2026 को मतदाता सूची का अन्तिम प्रकाशन के पश्चात अनमैप मतदाताओ के दावे एवं आपत्तियां प्राप्त करने व उसके निस्तारण के सम्बंध में आज जिला निर्वाचन अधिकारी पवन कुमार गंगवार की अध्यक्षता में जनपद के सभी नियुक्त ई0आर0ओ0/ए0ई0आर0ओ0 की बैठक कर प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण में जिलाधिकारी ने कहा कि सभी ई0आर0ओ0/ए0ई0आर0ओ0 अपने दायित्वों का निर्वहन पूरी पारदर्शिता के साथ करे। उन्होंने कहा कि 06 जनवरी 2026 को एस0आई0आर0 के मतदाता सूची का अन्तिम प्रकाशन के पश्चात अनमैप मतदाताओ की सूची बी0एल0ओ0 से प्राप्त कर उन्हें तामिला/नोटिस देने की कार्यवाही तथा उनकी सुनवाई तिथिवार करने आदि की व्यवस्था पहले से सुनिश्चित कर ले ताकि 31 जनवरी 2026 तक सभी प्राप्त दावे व आपत्तियों का सुनवाई आदि का कार्य पूर्ण करा लिया जाए यदि किसी कारणवश सुनवाई के लिए किसी मतदाता का पुनः तिथि निर्धारित कर बुलाना हो तो उसे तिथि निर्धारित कर पहचान पत्र लाने हेतु समय दिया जाए। उन्होंने कहा कि किसी भी मतदाता को तामिला देते समय बी0एल0ओ0 के द्वारा रिसीविंग/फोटोग्राफ अवश्य लिया जाए। बैठक में जिलाधिकारी ने नए मतदाताओ को जोड़ने के लिए फार्म–6, विलोपन मतदाताओ के लिए फार्म–7, शिफ्टेड/स्थानांतरित मतदाता के लिए फार्म–8 के बारे में विस्तृत रूप से जानकारी दी गई। जिलाधिकारी ने कहा कि उद्देश्य है कि कोई भी पात्र मतदाता सूची में शामिल होने से वंचित न रहने पाए और गलत व्यक्ति मतदाता सूची में शामिल न होने पाए।

## जौनपुर समाचार

### शहर के 13 चौराहों पर होगी सीसीटीवी कैमरे से निगरानी

**जौनपुर।** शहर के 13 मुख्य चौराहों की निगरानी अब सीसीटी-वी कैमरे से की जाएगी। इस कार्य पर 4.94 लाख रुपये खर्च किए जाएंगे। इसकी स्वीकृति मिल गई है। यह कार्य जौनपुर सांसद बाबू सिंह कुशवाहा की निधि से कराया जाएगा।

अपराध पर लगाम कसने और नागरिकों की सुरक्षा के लिए शहर के आसपास के मुख्य चौराहे अब सीसीटीवी कैमरे की निगरानी में रहेंगे। इससे किसी तरह के विवाद, छेड़खानी या आपराधिक घटना की स्थिति में पुलिस एवं प्रशासन को जांच के लिए पुख्ता सबूत मिल सकेंगे। इसके मद्देनजर जौनपुर सांसद के प्रस्ताव पर 13 भीड़भाड़ वाले तिराहों व चौराहों को सीसीटीवी कैमरे लगाने के लिए चिह्नित कर पुलिस अधीक्षक को कार्य कराने की जिम्मेदारी सौंप दी गई है। 15 से 20 दिन में कैमरा लगाए जाने का कार्य शुरू होगा।

## सोनभद्र समाचार

### सोन सुषमा पार्क का मा0 विधायक घोरावल, जिलाधिकारी ने फीता काटकर किये शुभारंभ



**सोनभद्र।** नूतन वर्ष-2026 के प्रथम दिवस पर सोन सुषमा पार्क का मा0 विधायक घोरावल डॉ0 अनिल कुमार मौर्या, जिलाधिकारी श्री बी0एन0 सिंह ने संयुक्त रूप से फीता काटकर शुभारंभ किये, इस मौके पर पुलिस अधीक्षक अभिषेक कुमार वर्मा, मुख्य विकास अधिकारी जागृति अवस्थी, अपर जिलाधिकारी(वि0/रा0) श्री वागीश कुमार शुक्ला, अपर जिलाधिकारी (न्यायिक) श्री रमेश चन्द्र, अपर जिलाधिकारी(नमामी गंगे) श्री रोहित यादव, ब्लाक प्रमुख सदर ज्वाइंट मजिस्ट्रेट श्री उत्कर्ष द्विवेदी, जिला विकास अधिकारी श्री हेमन्त कुमार सिंह, उप जिलाधिकारी घोरावल श्री आशीष त्रिपाठी, उप जिलाधिकारी ओबरा श्री विवेक कुमार सिंह सहित जनपद स्तरीय अधिकारीगण उपस्थित रहें। इस अवसर पर मा0 विधायक घोरावल डॉ0 अनिल कुमार मौर्या ने उपस्थित जनमानस को सम्बोधित करते हुए कहा कि पार्क का निर्माण कलेक्ट्रेट परिसर में हो जाने से परिसर में आने वाले फरियादियों को बैठने की सुविधा उपलब्ध होगी और कलेक्ट्रेट परिसर का वातावरण प्राकृतिक सौन्दर्य केन्द्र बना रहेगा और पार्क की सुविधा से सुबह-शाम लोगों को टहलने की सुविधा उपलब्ध होगी।

## देवरिया समाचार

### 10 से प्रयागराज तक चलेंगी 72 बसें

**देवरिया।** माघ मेले में प्रयागराज जाने वाले श्रद्धालुओं के लिए राहत भरी खबर है। 10 जनवरी से प्रयागराज के लिए देवरिया से 72 बसें चलाई जाएंगी। इसके लिए परिवहन निगम ने तैयारी शुरू कर दी है। माघ मेले की शुरुआत चार जनवरी से होने जा रही है। यह एक फरवरी तक चलेगा। इसको देखते हुए परिवहन निगम ने बसों की व्यवस्था कर ली है। जिले से 72 बसें मेले के लिए जाएंगी। इसमें से आठ बसें शटल सेवा में प्रयागराज के अंदर काम करेंगी। बाकी की 64 बसें देवरिया से प्रयागराज और प्रयागराज से देवरिया रूट पर माघ महीने में संचालित होंगी। यह सेवा 10 जनवरी से शुरू होगी। तब तक प्रयागराज की नियमित बस सेवा से लोग जाएंगे। माघ मेले में लोग कल्पवास के लिए प्रयागराज जाते हैं और एक महीना वहीं बिताते हैं। कुछ लोग मकर संक्रांति स्नान से लेकर अमावस्या या वसंत पंचमी तक मेले में निवास करते हैं।

## प्रयागराज समाचार

### पौष पूर्णिमा पर रात 8 बजे से मेला क्षेत्र होगा नो व्हीकल जोन, कई रूटों पर किया गया डायवर्जन



**प्रयागराज।** पौष पूर्णिमा के मौके पर स्नानार्थियों की संभावित भीड़ को देखते हुए रूट डायवर्जन लागू किया गया है। मेला क्षेत्र और संगम नोज तक आवागमन के लिए मार्ग निर्धारित किया गया है।

पांटून पुलों पर आवागमन के लिए एकल मार्ग की व्यवस्था की गई है। शुक्रवार की रात आठ बजे से मेला क्षेत्र नो व्हीकल जोन हो जाएगा। सिर्फ एंबुलेंस और आपातकालीन वाहनों को यहां से आवागमन की छूट होगी। झूंसी से परेड की तरफ आने के लिए पांटून पुल संख्या चार व छह का इस्तेमाल करना होगा। परेड से झूंसी की तरफ जाने के लिए श्रद्धालु पांटून पुल संख्या तीन, पांच व सात का प्रयोग करेंगे। संगम नोज पर किसी भी तरह की वाहन पार्किंग की छूट नहीं रहेगी। श्रद्धालुओं से मेला क्षेत्र में निर्धारित मार्ग से आवागमन करने और निर्धारित पार्किंग स्थलों पर ही वाहनों को खड़ा करने की अपील की गई है। वहीं, पांटून पुल संख्या एक व दो को रिजर्व रखा गया है।

**परेड क्षेत्र प्लॉट नंबर 17 पार्किंग :** श्रद्धालु काली मार्ग द्वारा पैदल अपर संगम मार्ग से संगम स्नान घाट, हनुमान घाट व रामघाट पर जा सकेंगे। स्नान के उपरांत अक्षयवट मार्ग खडंजा वापसी मार्ग होकर त्रिवेणी मार्ग होते हुए पार्किंग तक आ सकेंगे।

**गल्ला मंडी पार्किंगः** श्रद्धालु काली मार्ग से पैदल मोरी रैंप, किलाघाट मार्ग पहुंचकर काली उत्तरी घाट, मोरी घाट, शिवाला घाट व दशाश्वमेध घाट जा सकेंगे। श्रद्धालु गंगामूर्ति चौराहा से ओल्ड जीटी रोड थाना दारागंज के सामने से या रिवरफ्रंट मार्ग से पार्किंग स्थल पर वापस लौटेंगे।

**नागवासुकि पार्किंगः** श्रद्धालु पैदल रिवर फ्रंट मार्ग या संबंधित मार्ग द्वारा नागवासुकि स्नान घाट पर जा सकेंगे। इसके बाद संबंधित मार्गों व रिवर फ्रंट मार्ग से होते हुए पार्किंग वापस लौटेंगे।

**झूंसी क्षेत्र ओल्ड जीटी कछार पार्किंगः**श्रद्धालु पैदलनागवासुकि मार्ग से पांटून पुल संख्या चार व पांच पश्चिमी के मध्य बने स्नान घाट पर जा सकेंगे। इसके बाद ओल्ड जीटी मार्ग से कछार पार्किंग स्थल पर वापसी करेंगे।

**टीकरमाफी महुआबाग पार्किंगः** श्रद्धालु पैदल जीटी रोड, टीकरमाफी से त्रिवेणी मार्ग होते हुए पांटून पुल संख्या दो व तीन पश्चिमी के मध्य बने स्नान घाट पर जा सकेंगे।

## गोरखपुर समाचार

### घर से लापता किशोरी का तालाब में मिला शव, हत्या की आशंका



**गोरखपुर।** पीपीगंज थाना क्षेत्र के पचगहवां ग्रामसभा स्थित गुरम पोखरा में एक नाबालिग किशोरी का शव मिलने से इलाके में सनसनी फैल गई। मृतका की पहचान हरपुर निवासी रितिका सिंह (16) के रूप में हुई है, जो पीपीगंज क्षेत्र के हरपुर स्थित एमवी इंटर कॉलेज में कक्षा 7 की छात्रा थी। परिजनों के अनुसार रितिका गुरुवार शाम से ही घर से लापता थी। उसकी तलाश को लेकर परिजनों ने पुलिस को सूचना दी थी, जिसके बाद पुलिस लगातार खोजबीन में जुटी थी। शुक्रवार सुबह करीब छह बजे ग्रामीणों ने गांव के पास स्थित पोखरे में किशोरी का शव उतराता देखा।सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शव को बाहर निकलवाया। घटना की गंभीरता को देखते हुए एसपी नार्थ स्वयं फॉरेंसिक टीम के साथ घटनास्थल पर पहुंचे और साक्ष्य संकलन कराया। प्राथमिक तौर पर शव की स्थिति और परिस्थितियों को देखते हुए हत्या की आशंका जताई जा रही है। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेज दिया है। एसपी नार्थ ने बताया कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के सही कारणों का खुलासा हो सकेगा।

## सुल्तानपुर समाचार

### माघ मेले में प्रयागराज जाने वाले भारी वाहनों पर रूट डायवर्जन लागू

**सुल्तानपुर।** माघ मेले में श्रद्धालुओं की भीड़ को देखते हुए अयोध्या-प्रयागराज हाईवे पर यातायात व्यवस्था नियंत्रित रखने के लिए प्रयागराज जाने वाले भारी वाहनों का रूट डायवर्जन बृहस्पतिवार से लागू कर दिया गया है।

भारी वाहनों को दुर्गापुर से लंभुआ व पीपरपुर के रास्ते से भेजने की व्यवस्था की गई है। प्रयागराज में शनिवार से माघ मेला शुरू हो रहा है। यह मेला 15 फरवरी तक चलेगा। ऐसे में हाईवे पर यातायात व्यवस्था को नियंत्रित रखने के लिए पुलिस ने बृहस्पतिवार से सु-ल्तानपुर से होकर प्रयागराज जाने वाले भारी वाहनों का रूट डायवर्जन लागू कर दिया है। अपर पुलिस अधीक्षक अखंड प्रताप सिंह ने बताया कि बृहस्पतिवार से प्रयागराज जाने वाले हाईवे पर दुर्गापुर चौराहे से भारी वाहनों का रूट डायवर्जन किया गया है।



भारी वाहन दुर्गापुर से कंधईपुर, शंभूगंज होते हुए लंभुआ कस्बे से वाराणसी की ओर भेजे जाएंगे।

दूसरी दिशा में दुर्गापुर चौराहे से भारी वाहनों को पीपरपुर, भादर, टीकरमाफी होते हुए भारी वाहनों को अमेठी के रास्ते आगे के लिए रवाना किया जाएगा। भीड़ बढ़ने पर शहर के पयागीपुर चौराहे से भी प्रयागराज को जाने वाले भारी वाहनों का मार्ग बदल कर उन्हें लखनऊ व जौनपुर के रास्ते से भेजा जाएगा।

### प्रयाग स्टेशन पर रुकेंगी रूट की चार प्रमुख ट्रेनें

**सुल्तानपुर।** माघ मेले के दौरान प्रयागराज में श्रद्धालुओं की भीड़ को देखते हुए रेलवे की ओर से रूट की साकेत अप एक्सप्रेस, नौतनवा-दुर्ग अप एक्सप्रेस, मनवर संगम अप व डाउन एक्सप्रेस का दो मिनट का स्टॉपेज प्रयाग स्टेशन पर किया जाएगा। पहले इन ट्रेनों का स्टॉपेज प्रयाग रेलवे स्टेशन पर नहीं था। इन ट्रेनों का ठहराव होने से जिले वासियों को भी माघ मेला में पहुंचने की सुविधा मिलेगी। रेलवे की ओर से इन प्रमुख ट्रेनों का अस्थायी ठहराव किया जाएगा। ट्रेनों का यह ठहराव बृहस्पतिवार से 20 फरवरी तक (निर्धारित संचालन तिथियों में) लागू रहेगा। उत्तर रेलवे, लखनऊ के वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक कुलदीप तिवारी ने बताया कि ट्रेनों के स्टॉपेज का शेड्यूल संबंधित स्टेशन पर भेज दिया गया है।

## लाइफ मंत्र

### पद्मनाभस्वामी के 7वें द्वार से क्यों डरती है दुनिया, पौराणिक मान्यता या अलौकिक शक्ति

बीते कुछ दशकों में पद्मनाभस्वामी मंदिर की पहचान सिर्फ भगवान विष्णु के पवित्र मंदिर ही नहीं बल्कि रहस्यमयी मंदिर के रूप में भी हुई है। साल 2011 में जब पद्मनाभस्वामी मंदिर के 6 दरवाजों को खोला गया था, तब इसमें से बेशुमार खजाना निकला था। केरल के तिरुवनंतपुरम में भगवान विष्णु को समर्पित पद्मनाभस्वामी मंदिर स्थित है। यह मंदिर सदियों से आस्था और श्रद्धा का केंद्र रहा है। लेकिन बीते कुछ दशकों में पद्मनाभस्वामी मंदिर की पहचान सिर्फ भगवान विष्णु के पवित्र मंदिर ही नहीं बल्कि रहस्यमयी मंदिर के रूप में भी हुई है। साल 2011 में जब पद्मनाभस्वामी मंदिर के 6 दरवाजों को खोला गया था, तब इसमें से बेशुमार



खजाना निकला था। वहीं मंदिर के 7वें दरवाजे को खोले जाने को लेकर काफी ज्यादा विवाद हुआ। वहीं सुप्रीम कोर्ट ने पद्मनाभस्वामी मंदिर के 7वें दरवाजे को खोलने से मना कर दिया। धार्मिक मान्यताओं के मुताबिक इस मंदिर में रखे खजाने की रक्षा अलौकिक देवता और नाग करते हैं। ऐसे में अगर कोई पद्मनाभस्वामी मंदिर के 7वें दरवाजे को खोलने की कोशिश करता है, तो उसके साथ कई अनिष्टकारी घटनाएं घट सकती हैं। वहीं कई लोगों को इस प्राचीन काल की मान्यता पर भरोसा है।

**पौराणिक मान्यता**

पौराणिक मान्यताओं के मुताबिक तहखाने के दरवाजे को सिर्फ वही पुजारी खोल सकता है, जिसका पास गरुड़ मंत्र के जप का सटीक ज्ञान हो। पद्मनाभस्वामी मंदिर का सातवां दरवाजा लकड़ी से निर्मित है। तहखाने के इस दरवाजे पर एक भव्य नाग की आकृति भी बनी हुई है। मान्यता है कि पद्मनाथस्वामी मंदिर के इस दरवाजे की रक्षा स्वयं भगवान श्रीहरि विष्णु के अवतार नाग करते हैं। ऐसे में अगर कोई इस दरवाजे को खोलने का प्रयास भी करता है, तो किसी बड़ी अनहोनी होने की संभावना है। यह मंदिर अपनी शिल्प, बेहतरीन कला और भव्यता का प्रतीक है। पद्मनाथस्वामी मंदिर को केरल और द्रविड़ की मिश्रित स्थापत्य शैली में बनाया गया है। पद्मनाभस्वामी मंदिर का निर्माण त्रावणकोर के राजाओं ने करवाया था। इस दौरान त्रावणकोर के राजा जगत के पालनहार भगवान विष्णु की पूजा करते थे। त्रावणकोर के राजा ने अपनी संपत्ति और सबकुछ भगवान विष्णु को समर्पित कर दिया था।

वहीं 1750 में महाराजा मार्तेंड वर्मा ने खुद को भगवान का दास बताया था। मान्यताओं के मुताबिक तब से इस मंदिर की देखरेख राजघराना करने लगा है। इस मंदिर में भगवान श्रीहरि विष्णु की 18 फीट लंबी प्रतिमा है। इसमें श्रीहरि शेषनाग पर शयन मुद्रा में हैं।

## प्रयागराज पहुंचने का सबसे सस्ता, आरामदायक और Fastest तरीका जानें



अगर आप भी पहली बार माघ मेला जाने का प्लान कर रहे हैं, तो जरूरी है कि आपको यात्रा की जानकारी हो। बता दें कि प्रयागराज देश के करीब सभी बड़े शहरों से रेल मार्ग से जुड़ा है। जोकि सस्ता होने के साथ सुविधाजनक भी होता है। प्रयागराज में 03 जनवरी 2026 से माघ मेला शुरू होने जा रहा है। हर साल आयोजित होने वाले माघ मेला में देश-विदेश से लाखों की संख्या में श्रद्धालु सगंम स्नान के लिए आते हैं। नए साल की शुरूआत के साथ की माघ मेला शुरू होने से लोगों के अंदर उत्साह देखने को मिल रहा है। ऐसे में अगर आप भी पहली बार माघ मेला जाने का प्लान कर रहे हैं, तो जरूरी है कि आपको यात्रा की जानकारी हो। बता दें कि प्रयागराज देश के करीब सभी बड़े शहरों से रेल मार्ग से जुड़ा है। जोकि सस्ता होने के साथ सुविधाजनक भी होता है। ऐसे में आज इस आर्टिकल के जरिए हम आपको बताने जा रहे हैं कि माघ मेला कैसे जाएं।

**ऐसे जाएं माघ मेला**

प्रयागराज में होने वाले माघ मेला जाने के लिए ट्रेन यात्रा सबसे किफायती और बेहतर ऑप्शन है। देश के कई बड़े शहरों से प्रयागराज के लिए सीधी ट्रेनों की सुविधा है। माघ मेले के दौरान यात्रियों की बढ़ती संख्या को देखकर रेलवे की तरफ से स्पेशल ट्रेनें भी चलाई जाती हैं। इस बार भी एक्स्ट्रा ट्रेनों के संचालन का ऐलान किया गया है। जिससे श्रद्धालुओं को बेहतर सुविधा मिल सके। अगर आप भी माघ मेला जाने का प्लान कर रहे हैं, तो समय रहते आपको टिकट बुक करवा लेना चाहिए। क्योंकि इस दौरान टिकट मिलना मुश्किल हो जाता है। ट्रेन से यात्रा करने का सबसे बड़ा फायदा कम किराया और आरामदायक सफर है। अगर आप कम बजट में यात्रा करना चाहते हैं, तो ट्रेन एक अच्छा ऑप्शन है।

**ट्रेन का खर्च**

ट्रेन से प्रयागराज जाने के लिए आप स्लीपर कोच का टिकट बुक कर सकते हैं, इसके लिए टिकट प्रति व्यक्ति 400 से 500 रुपए पड़ता है। 3ँण कोच का किराया करीब 1,200 से 1,500 रुपए तक होगा। आप प्रयागराज जंक्शन रेलवे स्टेशन तक के लिए टिकट बुक कर सकते हैं। ट्रेन में यात्रा करने में भले ही थोड़ा समय जरूर लगेगा, लेकिन आप कम बजट में पहुंचने के लिए ट्रेन अच्छा और भरोसेमंद साधन है।

**फ्लाइट से जाएं**

अगर आप फ्लाइट से प्रयागराज जाने का प्लान कर रही हैं, तो इसमें आपको जो सबसे बड़ा फायदा होगा वह समय की बचत है। फ्लाइट में आप लंबा सफर सिर्फ 2-3 घंटे में पूरा कर सकते हैं। आप चाहें तो उसी दिन वापस भी आ सकते हैं। हालांकि फ्लाइट से जाने पर अधिक खर्च होगा। बस या ट्रेन के मुकाबले फ्लाइट की टिकट काफी महंगे होते हैं। लेकिन फ्लाइट से जाने पर आपका समय बचेगा और आप कई दर्शनीय जगहों पर भी घूम सकते हैं। फ्लाइट से प्रयागराज जाने पर एक टिकट का खर्च करीब 4,000 से 5,000 तक होगा।

**बस या कार से जाएं**

अगर आप ग्रुप में माघ मेला जाने का सोच रहे हैं, तो अपनी कार से यात्रा कर सकते हैं। कार से जाने पर आपको ट्रेन या फ्लाइट की अलग-अलग टिकट पर खर्च नहीं करना पड़ता है। वहीं अपनी गाड़ी होने पर आप अपनी सुविधा के हिसाब से सफर कर सकते हैं। लेकिन अकेले गाड़ी से जाना थोड़ा महंगा पड़ सकता है। वहीं आप चाहें तो बस से भी यात्रा कर सकते हैं, यह एक किफायती ऑप्शन है। लेकिन ट्रैफिक की वजह से ज्यादा समय लग सकता है। बसों में एसी और नॉन एसी दोनों तरह सुविधा मिल जाएगी।



## मनाली के 'गुप्त' स्वर्ग का दीदार, बर्फीले पहाड़ों के बीच यह झील, एडवेंचर और सुकून का बेमिसाल संगम

**अगर आप भी बर्फबारी देखने के लिए मनाली की टिकट बुक करवा चुके हैं, तो आज हम आपको मनाली की एक ऐसी जगह के बारे में बताने जा रहे हैं, जिसके बारे में अधिकतर लोग नहीं जानते हैं। यह जगह मनाली के पहाड़ों में छिपा हुआ कुदरत का एक नायाब तोहफा है।**

सर्दियों के मौसम में पहाड़ों पर घूमने का अपना मजा होता है। बर्फ से ढके पहाड़ों का दीदार करना करीब हर किसी की विश लिस्ट में होती है। इस वजह से स्नो फॉल का लुत्फ उठाने के लिए अधिकतर लोग सर्दियों के मौसम में शिमला-मनाली जाते हैं। नवंबर से लेकर फरवरी तक मनाली का दृश्य देखने लायक होता है। यहां के पहाड़ों पर लिपटी बर्फ की मोटी चादरें पर्यटकों के लिए स्वर्ग जैसे अनुभव दिलाती हैं।

ऐसे में अगर आप भी बर्फबारी देखने के लिए मनाली की टिकट बुक कर-वा चुके हैं, तो आज इस आर्टिकल के जरिए हम आपको मनाली की एक ऐसी जगह के बारे में बताने जा रहे हैं, जिसके बारे में अधिकतर लोग नहीं जानते हैं। यह जगह मनाली के पहाड़ों में छिपा हुआ कुदरत का एक नायाब तोहफा है, जो अभी भी लोगों की नजरों से बची हुई है। तो आइए जानते हैं इस खूबसूरत जगह के बारे में...

**बेमिसाल है चंद्रा नदी की खूबसूरती**


हिमाचल प्रदेश के लाहौल-स्पीति क्षेत्र से बहने वाली चंद्रा नदी एक बेहद खूबसूरत नदी है। यह नदी हिमाचल प्रदेश में चंद्रताल झील से निकलती है। यह लेक हिमाचल प्रदेश के लाहौल में करीब 4,300 मीटर की ऊंचाई पर स्थित एक अर्धचंद्राकार झील है। इसी खूबसूरत झील से चंद्रा नदी निकलती है।

हालांकि अभी भी काफी कम लोगों को इस नदी के बारे में पता है। मनाली में सिस्सू से गुजरते हुए यह नदी देखने को मिलेगी। यह नदी अपनी खूबसूरती के लिए जानी जाती है। यहां पर आप रिवर राफ्टिंग जैसी एक्टिविटी होती है। ऐसे में अगर आप भी मनाली घूमने के लिए जा रहे हैं, तो चंद्रा नहीं जाना न भूलें।

**आंखों को सुकून देंगे यहां के नज़ारे**

प्रकृति प्रेमियों के लिए चंद्रा नदी की खूबसूरती ही नहीं बल्कि फोटोग्राफी के लिए भी यह अद्वितीय जगह है। बर्फ से ढके पर्वतों के बीच से निकलती नदी का पानी शीशे की तरह चमकता है। वहीं पानी बहने की ध्वनि आपके मन को ताजगी से भर देती है। वहीं सुबह और शाम के समय जब सूर्य की सुनहरी किरणें पानी पर पड़ती हैं, तो यह अद्भुत दृश्य देखने लायक होता है। यहां का शांत वातावरण भागदौड़ से दूर ऐसी जगह जो कम को सुकून देने का काम करता है।

## शिमला-मनाली की भीड़ से परेशान? चंडीगढ़ के पास इन 3 खूबसूरत हिल स्टेशनों पर मनाएं सुकून भरी छुट्टियां



चंडीगढ़ के पास भीड़भाड़ से दूर, सुकून भरी छुट्टियां बिताने के लिए शोजा, कनाताल और पंगोट जैसे तीन बेहतरीन हिल स्टेशनों का विकल्प मौजूद है, जहां आपको शिमला-मनाली जैसी भीड़ का सामना नहीं करना पड़ेगा। ये जगहें प्राकृतिक सुंदरता, शांत वातावरण और कम पर्यटक आगमन के कारण प्रकृति प्रेमियों के लिए आदर्श हैं। पहाड़ों पर घूमने के शौकीन अक्सर छुट्टियां मिलते ही पहाडियों पर ट्रिप का आनंद जरुर लेते हैं। हालांकि, इस दौरान सोशल मीडिया पर पहाड़ों के ट्रैफिक वाले वीडियो वायरल हो रही है। बर्फ से ढकी सड़कों पर गाड़ियों की लंबी कतारें, तो कई टूरिस्ट जगहों पर एक साथ खड़े लोगों की भीड़। अगर आप भी घूमने के लिए सर्च कर रहे हैं सही लोकेशन, जहां सुकून मिले और छुट्टियों का मजा भी खराब न हो। तो इस लेख में हम आपको बताएंगे बर्फ देखने के शौकीन लोग इन जगहों पर जरुर घूमने जाएं। हम आपको चंडीगढ़ के पास घूमने के लिए कुछ बेहतरीन जगहें बताएंगे, जहां आप घूमने जा सकते हैं।

**शोजा, हिमाचल प्रदेश**

हिमाचल प्रदेश में शोजा नाम की एक सुंदर जगह स्थित है, जहां पर लोग कम जाते हैं। कुछ लोग इस जगह के बारे में नहीं जानते हैं। जब मनाली, शिमला और मसूरी जैसे हिल स्टेशनों पर भीड़ होती है, तो कुछ यात्री शोजा में सुकून पल बिताते हैं। आपको बता दें कि, यह एक छोटा सा पहाड़ी गांव है, जो तीर्थन वैली के पास है। यहां पर न तो बड़े-बड़े होटल हैं और न ही पार्टी कल्चर। चारों तरफ देवदार और चीड़ के घने जंगल, छोटे-छोटे लकड़ी के घर। यहां पर प्राकृतिक सुंदरता अपने चरम पर होती है।

**कनाताल ( उत्तराखंड )**

न्यू अनुभव के लिए आप उत्तराखंड के कनाताल घूमने जरुर जाएं। यहां पर भीड़ बहुत कम होती है। यह जगह मसूरी से ज्यादा दूर नहीं होती है। यहां पर आपको खुली सड़कें, साफ हवा और शांत माहौल का अनुभव होगा। यह जगह समुद्र तल से करीब 8,500 फीट की ऊंचाई पर स्थित है। कनाताल में पार्टी टूरिज्म जैसे लोकेशन नहीं मिलते, इसलिए ट्रैफिक जाम और भीड़भाड़ नहीं होती है।

**पंगोट ( उत्तराखंड )**

चंडीगढ़ से बेहद नजदीक है यह जगह। पंगोट नैनीताल के पास है। नैनीताल से बाहर 15 किमी दूर होने की वजह यहां आपको भीड़ कम देखने को मिलेगी। नैनीताल से 15 किलोमीटर दूरी पर पंगोट एक छोटा सा पहाड़ी गांव है। नए साल के समय नैनीताल में होटल फुल हो जाते हैं और सड़कों पर जाम मिलता है, तो यह जगह सुकून और शांति वाली हो जाती है। नेचर लवर्स के लिए यह जगह बेहद शानदार है।


होम फैशन
रथयात्रा, वाराणसी
8573035762






बच्चों के डॉक्टर
मिनहाज चाइल्ड केयर
Dr. Minhaz Husain
MBBS, MD (Child Specialist)
पूर्व वरिष्ठ नवजात शिशु एवं बाल रोग विशेषज्ञ (IMS-BHU)
www.minhazchildclinic.com
19A lane no 1, Ravindrapuri colony, Varanasi, UP - 221005
Mob.- 6387438255 / 8058811141

गुप्त रोग विशेषज्ञ
गुप्त रोग, ताकत जवानी
सर्वश्रेष्ठ आयुर्वेदिक क्लिनिक
राना डिस्पेन्सरी
डॉ. राना
Govt Regd. Estd, 1948
निःसंतान, धात रोग, स्वप्नदोष, नामर्दी, कमजोरी इत्यादि
60 वर्षीय अनुभवी से मिलकर लाभ उठायें
समय प्रातः 9 से रात्रि 8 बजे तक रविवार 9 से 1 बजे तक
पताः टकसाल सिनेमा के सामने ( नियर ताज होटल ) नदेसर, वाराणसी
Mob.: 6386935615, 7388779172

नाक, कान और गला रोग विशेषज्ञ
काशी ई.एन.टी. सेंटर
कान, नाक और गला रोग विशेषज्ञ
डॉ. अमरेन्द्र सिंह M.B.B.S., M.S. (ENT) Mumbai Fellow - Skull Base Surgery (Italy)
सिद्धिगिरीबाग (यूनियन बैंक के सामने) सिगरा, वाराणसी
Mob.: 7052111138, 7052111139, 0542-2411138

लिवर रोग विशेषज्ञ
समर्पण गैस्ट्रो एवं लिवर क्लिनिक
इलाज एवं सुविधाएं: पेट में दर्द, उल्टी, गैस्ट्रिक अल्सर,खूनी उल्टी, कब्ज, मल में रक्त, रक्तस्त्रावी, आईबीएस, आईबीडी, हेपेटाइटिस, पीलिया, लिवर सिरोसिस, लिवर एब्सेस, गैल स्टोन उपचार, अल्सर, आमाश्य में छाला, अन्दरूनी रक्तस्त्राव और एंडोस्कोपी व कोलोनोस्कोपी।
परामर्श समयः 08:30 से 04:00 बजे तक
डॉ. शेखर पूरी
MBBS, MD (IMS-BHU) DM (GASTRO.) SMS Jaipur
माहेश्वरी भवन के पास तुलसीपुर, महमूरगंज वाराणसी। मो. 9587794338

यूरोलॉजी विशेषज्ञ
ओंकार यूरोलॉजी सेन्टर एण्ड हॉस्पिटल
Dr. Amit Kumar
MS.FICS M.ch (Urology)
CONSULTANT UROLOGIST
डायलिसिस की सुविधा उपलब्ध
OPD Time 12 Pm to 2 Pm
Mob: 8957650464
डी.63/13ए-5 अन्नपूर्णा कालोनी महमूरगंज, वाराणसी [नियर पासपोर्ट ऑफिस]

मानसिक रोग विशेषज्ञ
तनाव, अवसाद, घबराहट, बेचैनी,OCD याददाश्त कमजोर होना, स्किजोफ्रेनिया, बाइपोलर, गुस्सा, नींद की परेशानी, सिर दर्द, नशा करना, बच्चों और बड़ो की व्यवहारिक समस्याएं, आत्महत्या का विचार आना, माइग्रेन, न्यूरेल्जिया, सर्वाइकल, हाथ-पांव में झनझनाहट व मिर्गी जैसे अन्य मानसिक रोगों का इलाज उपलब्ध।
रवि न्यूरो सायकेट्री सेंटर (मल्टी स्पेशियलिटी हॉस्पिटल)
लेन नं.-16 रविन्द्रपुरी, वाराणसी मो. 8756837310/ 7880893030
डॉ. श्रेयांस द्विवेदी
मानसिक रोग विशेषज्ञ
MBBS,DPM, MD
Neuropsychiatrist

हड्डी रोग विशेषज्ञ
डा. अनुपम श्रीवास्तव
डा. आरती दिव्या
X-ray in 250 Only
Fee Rs 250 Only
वात्सल्य हॉस्पिटल
जाइंट रिप्लेसमेंट, ट्रामा, आर्थोस्कोपी ( लिगामेंट सर्जरी ) एवं स्पाइन सर्जरी
सिकरौल, वाराणसी। MOB.-9415227170

कार्ड एवं स्टेशनरी
शादी के कार्ड
2026 डायरी, कैलेन्डर
खत्री स्टेशनर्स
साईं मंदिर के सामने, रामलीला मैदान के पास नदेसर, वाराणसी
मो.9335478047,9140457358

लेडिज सूट शॉप
Designer Salwar Suit Lancha, Dress Materials
Shahnaz
GURUBAG, VARANASI PH 2390017

आल टाइप गारमेंट्स शॉप






मेडिकल शॉप
DIABETIC CARE POINT
Retailer Of All Kinds Of Medicines
C. 14/175-2, Amar Nagar, Sonia Road, Varanasi.
Varanasi- 945048570, 9936153614
Bharat Medicals

ज्योतिष एवं रत्न विशेषज्ञ